आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 बुधवार 03.07.2024

मुख्य समाचारः–

1– राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रदेश में छह से बीस जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा।

2– केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन और चौड़ीकरण के लिए तीन हजार करोड़ रूपये से अधिक का प्रावधान किया है।

3– नीति आयोग की ओर से छत्तीसगढ़ सहित देशभर के आकांक्षी जिलों में कल से संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा।

4– भारतीय थल सेना आगामी पांच और छह अक्टूबर को रायपुर में "नो योर आर्मी" कार्यक्रम का आयोजन करेगी।

राजस्व पखवाड़ा

राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए प्रदेश में छह से बीस जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने पखवाड़े के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों की जानकारी ग्रामीणों को देने प्रत्येक ग्राम पंचायतों में कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराने के निर्देश दिए हैं। इन शिविरों में प्राप्त होने वाले आवेदनों जैसे – फौती, नामांतरण और बंटवारा, अभिलेख त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा। इसी तरह, आय, जाति, निवास प्रमाण–पत्र संबंधी सभी आवेदनों का भी शिविर स्थल पर ही लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आनलाईन प्रविष्टि और समय–सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा बी–वन, खसरा और किसान किताब के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। शिविर में प्राप्त होने वाले आवेदनों और उन पर की गई कार्यवाही की जानकारी हर दिन निर्धारित प्रपत्र में कार्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

अरूण साव–प्रेसवार्ता

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस के लिए छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन और चौड़ीकरण के अट्ठारह कार्यों के लिए तीन हजार तीन सौ इक्कीस करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। यह पिछले पांच वर्षों की तुलना में लगभग चार गुना अधिक है।

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि डबल इंजन की सरकार होने का लाभ अब छत्तीसगढ़ की जनता को मिलना शुरू हो गया है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में एक हजार एक सौ छह किलोमीटर सड़कों के सर्वेक्षण और डीपीआर के लिए पैंतीस करोड़ रूपये का प्रावधान किया है।

नीति आयोग–संपूर्णता अभियान

नीति आयोग की ओर से सामाजिक और आर्थिक संकेतकों में सुधार के लिए देशभर के एक सौ बारह आकांक्षी जिलों और पांच सौ आकांक्षी ब्लाकों में कल चार जुलाई से तीस सितंबर तक संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ के भी दस आकांक्षी जिलों के साथ ही संबंधित ब्लॉक शामिल हैं।

इसी कड़ी में नारायणपुर जिले के हाट बाजारों में कल से संपूर्णता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत शिविर लगाकर ओरछा और नारायणपुर क्षेत्र के लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कलेक्टर बिपिन मांझी ने जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों के

हाटबाजारों में शिविर लगाकर लोगों को कृषि, स्वास्थ्य, उद्यानिकी, शिक्षा, एन.आर.एल.एम. विभागों द्वारा संचालित योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

जिले में संपूर्णता अभियान शिविर का आयोजन छह जुलाई को कोहकामेटा में, आठ जुलाई को आकाबेड़ा में और दस जुलाई को ग्राम पंचायत ओरछा में किया जाएगा।

विजय शर्मा–पिंक थाना

महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में महिला पिंक थाने खोले जाएंगे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर में विभागीय बैठक के दौरान महिला पिंक थाने शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह थाने महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जाएंगे।

बैठक में उपमुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे कहीं से भी रोजगार सहायता के लिए पंजीयन, नवीनीकरण और अपडेशन का कार्य ऑनलाइन किया जा सके।

केदार कश्यप–आदर्श बैंक

सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि प्रदेश के सभी सहकारी बैंकों को आदर्श बैंक के रूप में विकसित किया जाए। श्री कश्यप की अध्यक्षता में कल रायपुर में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि धान बेचने के बाद किसानों को खुद का पैसा निकालने के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शासन की छवि खराब होती है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि बैंकों में पैसा निकालने के लिए आने वाले किसानों को प्राइवेट बैंक के जैसे सभी तरह की सुविधा मुहैया कराई जाए। श्री कश्यप ने किसानों को तत्कालिक रूप से राशि उपलब्ध कराने के लिए माइक्रो एटीएम की सुविधा को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए।

एक पेड़ मां के नाम

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने आज बलौदाबाजार के जिला कार्यालय परिसर में नीम का पेड़ लगाकर ''एक पेड़ अपनी मां के नाम'' अभियान की शुरूआत की।
इस मौके पर राजस्व मंत्री ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम पर लगाने की अपील की।

श्री रामलला दर्शन योजना

श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज रायपुर संभाग के पांच जिलों के साढ़े आठ सौ यात्री रायपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरन्दर मिश्रा और अनुज शर्मा ने इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने तीर्थयात्रियों को शुभकामनाएं दीं। यह यात्री काशी विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन करेंगे।

मुख्यमंत्री–ब्रिगेडियर मुलाकात

भारतीय थल सेना आगामी पांच और छह अक्टूबर को रायपुर में "नो योर आर्मी" कार्यक्रम का आयोजन करेगी। यह जानकारी थल सेना के ब्रिगेडियर अमन आनंद ने आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात के दौरान दी। इस कार्यक्रम में लोगों, विशेषकर बच्चों को आर्मी के बारे में विस्तार से जानने और समझने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश के चुने हुए बच्चों को देशभर में स्थित फौज के विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थानों में अध्ययन भ्रमण कराया

जाएगा। इससे इन बच्चों में अनुशासन, देश प्रेम, सेना का देश के प्रति योगदान को जानने और इसमें शामिल होने का उत्साह जगेगा।

मुलाकात के दौरान ब्रिगेडियर आनंद ने मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ में आर्मी की आगामी कार्ययोजना के संबंध में चर्चा की। ब्रिगेडियर आनंद वर्तमान में भारतीय थल सेना के छत्तीसगढ़ और ओडिशा सब एरिया के कमांडर हैं।

माओवादी मुठभेड़

नारायणपुर जिले के कोहकामेटा थाना क्षेत्र में कल हुई मुठभेड़ में दो और माओवादी मारे गए हैं। इस तरह मारे गए माओवादियों की संख्या पांच हो गई है। जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। उन्होंने इस मुठभेड़ में कई माओवादियों के घायल होने का दावा किया है। घटनास्थल से एक थ्री नॉट थ्री रायफल, तीन सौ पंद्रह बोर की तीन रायफल, बीजीएल लांचर सहित भारी मात्रा में हथियार और अन्य माओवादी सामग्री बरामद की गई है। इस अंतर्जिला अभियान में डीआरजी, एसटीएफ, बीएसएफ और आईटीबीपी के जवान शामिल थे।

एसआईए–जांच

छत्तीसगढ़ में नवगठित स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी–एसआईए नारायणपुर आईईडी विस्फोट की जांच करेगी। ये जांच एजेंसी के गठन के बाद उसकी पहली जांच होगी। गौरतलब है कि नारायणपुर जिले में बीते चौदह जून को हुए विस्फोट में आईटीबीपी के दो जवान घायल हो गए थे। टीम जल्द ही नारायणपुर के कुतुल–मोहंदी का दौरा करके घटनास्थल की जांच करेगी। साथ ही हादसे में घायल जवानों से पूछताछ भी की जाएगी।

पुलिस–शारीरिक दक्षता परीक्षा

छत्तीसगढ़ में पुलिस विभाग में एसआई, प्लाटून कमांडर और सूबेदार के तीन सौ सत्तर पदों पर भर्ती के लिए आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। यह परीक्षा नौ जुलाई को रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम में सुबह सात बजे से आयोजित की जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा के लिए चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश–पत्र पुलिस मुख्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि और समय में परीक्षा स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है।

शिशु मौत–जांच समिति

रायपुर जिले के उरला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में दो नवजात शिशुओं की मौत के मामले में तीन सदस्यीय डॉक्टरों के जांच दल ने अपनी रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश चौधरी को सौंप दी है। डॉक्टर चौधरी ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि एक नवजात शिशु की मौत तीस जून को और दूसरे की मौत एक जुलाई को हुई थी। प्रथम दृष्टया जांच रिपोर्ट में डॉक्टर और नर्स की लापरवाही प्रतीत हो रही है। इस जांच रिपोर्ट को शासन को भेज दिया गया है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक द्रोणिका उत्तर–पूर्व मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ तक विस्तारित है। इसके असर से प्रदेश में कल अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। वहीं, सरगुजा संभाग के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने, आकाशीय बिजली गिरने और अंधड़ चलने की चेतावनी दी गई है।

संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का दूसरा जनदर्शन कार्यक्रम कल सुबह ग्यारह से एक बजे तक मुख्यमंत्री निवास में आयोजित किया जाएगा। जनदर्शन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री प्रदेशभर से आए नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं से संबंधित आवेदन भी लेंगे।

– मुख्यमंत्री से आज रायपुर में एशियन मेन्स इक्विप्ड पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक विजेता भिलाई के जे. भागवत राव ने सौजन्य मुलाकात की।

– दिल्ली के द्वारका में छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल में रहकर यूपीएससी की तैयारी कर रहे छत्तीसगढ़ के नौ युवा प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

– राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल ने चालू शैक्षणिक वर्ष में राष्ट्रीय साधन–सह–मेधा छात्रवृत्ति के लिए पंजीकरण विंडो की शुरूआत की है। इस पोर्टल की शुरूआत एक ही बार के पंजीकरण तथा नये और नवीनीकरण छात्रवृत्तियों के आवेदन के लिए की गई है। इस वर्ष आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इकतीस अगस्त है।

– केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रायल ने नारायणपुर जिले के चार स्वास्थ्य केन्द्रों को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया है।

– मोहला–मानपुर जिले के मानपुर ब्लॉक में भारत–तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी द्वारा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और कांकेर जिले के ग्राम निडेली में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

– रायपुर जिले के सेजबहार में राजस्व अमले ने मुख्य सड़क के किनारे लगभग पांच एकड़ सरकारी जमीन को अवैध निर्माण और कब्जे से मुक्त करा दिया है।

– जांजगीर–चांपा जिले के खैराद में चारपहिया वाहन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>